A Step towards Innovation- IIS Inaugurates Innovation Hub

विज्ञान को रुचिकर एवं आसान बनाने के लिए 'इनोवेशन हब'

जयपुर। विद्यार्थियों के लिए विज्ञान विषय को अधिक रुचिकर एवं आसान बनाने के उद्देश्य से शिप्रा पथ स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल गुरूवार को 'इनोवेशन हब' का शुभारंभ हुआ। यह उद्घाटन शान्ति स्वरुप भटनागर अवॉर्ड से सम्मानित विक्रम कुमार 'मानद प्रोफेसर, आई.आई.टी. दिल्ली एवं निदेशक, एन.पी.एल. दिल्ली के कर-कमलों द्वारा किया गया। 'इनोवेशन हब' विद्यार्थियों को दैनिक प्रयोग के साधनों द्वारा विज्ञान को आसान एवं उत्कृष्ट तरीके से स्वयं प्रयोग कर सीखने का बेहतर माध्यम है। साधारण विज्ञान-प्रयोगशाला होने की बजाए इसमे विद्यार्थी स्वयं नए-नए प्रयोग कर ज्ञानवर्धन कर सकेंगे। मुख्य अतिथि विक्रम कुमार ने स्कूल के इस प्रयास की भरपूर सराहना की एवं विद्यालय के निदेशक डॉ.अशोक गुप्ता एवं प्राचार्या माला अग्निहोत्री को इसके लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रयोग को और उच्च स्तर तक ले जाने के लिए प्रेरित भी किया। विद्यालय निदेशक डॉ.अशोक गुप्ता एवं प्राचार्या माला अग्निहोत्री ने इस सफल प्रयास के लिए विज्ञान-विभाग के सभी सदस्यों की प्रशंसा की व मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया।